सार-समाचार

ई-कंटेंट निर्माण कार्यशाला

शाहपुरा । डाइट शाहपुरा में ईटी प्रभागाध्यक्ष कैलाश जांगिड़ के सानिध्य में 5 दिवसीय ई-कंटेंट निर्माण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 नवंबर से 29 नवंबर 2024 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दीक्षा ऐप के लिए उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो कंटेंट का निर्माण करना था, ताकि शिक्षकों और छात्रों को डिजिटल शिक्षा में सुलभ और उपयोगी सामग्री मिल सके। इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर मोहन लाल एवं प्रशांत चौधरी ने अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से प्रतिभागियों को वीडियो निर्माण, स्क्रिप्ट लेखन, एनिमेशन, और संपादन की बारीकियां सिखाईं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दीक्षा ऐप पर वीडियो अपलोड करने की प्रक्रिया और प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग की जानकारी भी दी गई।कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने द्वारा तैयार किए गए वीडियो का प्रदर्शन किया, जिसे प्रभागाध्यक्ष जांगिड़ सहित अन्य अधिकारियों ने सराहा। दीक्षा ऐप के लिए इस प्रकार का कंटेंट निर्माण शिक्षकों की डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने और नई तकनीकों को अपनाने में सहायक साबित होगा।

अमृत-2 योजना की बैठक आयोजित

अजमेर, (कासं)। जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में अमृत-2 परियोजना के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें कार्यो की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के आयुक्त देशल दान ने बताया कि अजमेर शहर में अमृत-2 परियोजना के कार्य किए जा रहे है। इन कार्यो की समीक्षा शुक्रवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा की गई। आयोजित समीक्षा बैठक में विकास कार्यो की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संवेदकों द्वारा किए कार्य का समय पर भुगतान किया जाना चाहिए। जनाना अस्पताल में आरयूआईडीपी के माध्यम से बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट के शेष कार्य को आगामी दो माह में पूर्ण किया जाना चाहिए। इसके लिए आवश्यकता होने पर अतिरिक्त संसाधन भी लगाए जाएं। इसी प्रकार जेएलएन चिकित्सालय के एसटीपी का कार्य भी तेज गति से हो। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा अमृत-2 के तहत स्वीकृत सिवरेज प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की गई। सीवर लाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया। सिवर लाईन बिछने वाले क्षेत्रों में कनेक्टिविटी करके घरों को सीवरेज कनेक्शन दिए जाने चाहिए। जल स्त्रोतों के पुर्नउद्धार का कार्य भी तेज गति से किया जाए। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यो की डीपीआर का अनुमोदन करवाकर निविदा जारी करने की कार्यवाही करावें।

एसपी से की रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

अजमेर, (कासं)। नारी शाला व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन सैनी व श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के रमेश लालवानी ने नारी शाला क्षेत्र में दुकाने के ताले तोडकर चोरी की वारदात पर रोष जताया। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक से शहर में बढ़ती चोरी व आपराधिक घटनाओं पर अकुंश लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। चेतन सैनी ने बताया कि रामगंज थाना क्षेत्र में नारी शाला बाजार के पदाधिकारी व्यापारी दीपक श्याम चौहान की मोबाईल की दुकाने के ताले तोडक़र चोरी कीमती मोबाइल चुरा ले गए। पिछले माह सुभाष नगर, ब्यावर रोड व्यापारी की दुकान के ताले तोडकर चोरी हुई। बढ़ती चोरी की घटनाओं पर व्यापारियो ने भी रोष व्याप्त है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि जिला प्रशासन से अनेक बार बाजारो में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की जा चुकी है। रोष जताने वालों में नारी शाला व्यापारिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों चेतन सैनी, भगवान गुर्जर, दीपक सोनी, जसपाल सलूजा, मोहन गुर्जर, कालू सैन, बन्टी, चन्द्र प्रकाश, नन्द किशोर शर्मा, दिलीप चौधरी, सरदार रणजीतसिंह, भागचन्द आदि ने पुलिस गश्त उचित तरीके से करवाने सहित बाजारो में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, बढ़ती चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा दें - ममता

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता चौधरी विजयवर्गीय ने वैशालीनगर स्थित कच्ची बस्ती की बालिकाओं को स्टेशनरी एवं पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए कहा कि बालिकाओं को शिक्षित करना आज की जरूरत है। बेटियों को सहेजने के साथ साथ उनका पूर्ण रूप से मानसिक विकास भी करना है, उन्होंने कहा कि स्लम एरिया में रहने वाली लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने क्षेत्र की उपस्थित बालिकाओं को स्टेशनरी एवं पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई। आभा गांधी ने बालिकाओं के अभिभावकों से आ ान किया कि वे उनका भविष्य बनाने के लिए उनकी शिक्षा पर जोर दे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे को सार्थक करे। कार्यक्रम में दिल्ली से आए संतोष चौधरी, सतीश गोयल, राजेंद्र गांधी, जगदीश साहू, राजेश भटिया सहित अन्य उपस्थित थे।

निःशुल्क एनिमल रेस्क्यू वैन शुरू

अजमेर, (कासं)। बेजुबान जानवरो को सेवा के लिए रोशनी मूलचंदानी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क एनिमल रेस्क्यू वैन शुरू की है। यह वैन बैसहारा घायल पशु को उपचार देकर उनकी जान बचाने का प्रयास करेगी। जानकारी के अनुसार रोशनी मूलचंदानी चैरिटेबल ट्रस्ट ने बेसहारा पशुओं की सेवा के लिए निःशुल्क एनिमल रेस्क्यू वैन शुरू की है। यदि अजमेर में कहीं भी कोई बेसहारा पशु घायल हो, गंभीर स्थिति में हो या किसी दुर्घटना का शिकार हो गया हो लेकिन उसे बचाया जा सकता हो, ट्रस्ट ने बिमार व घायल पशुओ की जानकारी इस मोबाइल नम्बर 91 7727880988। पर दे सकते है। आवश्यक।

मुख बधीर को दी श्रद्धांजलि

मेड़ता सिटी, (निसं)। चारभुजा चोक परिसर में स्थित गणेश मंदिर में वर्षों से एक मुख बधीर व्यक्ति रह रहा था जिसकी एक दिन अचानक तबियत बिगड़ गई जिसकी फिर चारभुजा चौक के व्यापारियों व पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल थानवी द्वारा इसको चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जिसकी गत दिनों मृत्यु हो गई जिसकी चारभुजा चौक मे सामूहिक श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया । जिसमे व्यापारियों समेत बड़ी संख्या मे शहर के गणमान्य सनातनी उपस्थित रहे सभी नें शोक सभा मे दिवंगत आत्मा को पुष्प अर्जित कर परम पिता परमेश्वर को दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की इस मौक़े पर चारभुजा चौक व्यापार मण्डल व्यापारी समेत जबरचंद कच्चावाल, रमेश चौहान, सुजीत सेन, गोविन्द अरोड़ा, सोहन चौहान, प्रकाश सेन, मोहन सोनी ,छोटूलाल वैष्णव, राजू पालड़िया, फोर मैन साब मनोज, विजु वैष्णव, वासुदेव वर्मा, मानसिंह चौहान व प्रकाश प्रजापत आदि अनेक सनातनी धर्म प्रेमी मौजूद रहे ।

विद्युत निगमों के निजीकरण का विरोध

ब्यावर,(निसं)। सी.पी.एफ. कटौती बन्द कर जी.पी.एफ कटौती शुरू करने हेतु शुक्रवार को वृत / जिला स्तर पर कार्य-बहिष्कार व धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा विद्युत निगमों की सभी कर्मचारी यूनियनों द्वारा विद्युत निगमों में भिन्न-भिन्न रूप से किये जा रहे निजीकरण के विरोध में एकजुट होकर शुक्रवार सुबह 11:00 बजे से सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश में विद्युत विभाग के जिला व वृत के कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा कार्य बहिष्कार करते हुवें प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार एवं अधीक्षण अभियंता के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा, राजस्थान सरकार को विद्युत में निजीकरण विरोध का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया ।

फिल्म के प्रीमियर का शुभारंभ

बिजयनगर, (निसं)। जगत जननी बाड़ी मां फिल्म के प्रिमीयर शॉ का गुरुवार कोविधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए नटराज टॉकीज में शुभारंभ किया गया। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत आसीन्द के पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर रेल्वे स्टेशन श्री हनुमान मंदिर महंत घीसालाल महाराज के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलित कर फिल्म का शुभारंभकिया ।जगत जननी बाड़ी मां फिल्म के प्रीमियर शो को देखने के लिएआसपास के क्षेत्र केश्रद्धालुमौजूद रहे ।बड़ी माता मंदिर की मुख्य ट्रस्टी कृष्णा टाक ने सभी अतिथियों काआभार जताया ।

सहायता शिविर का आयोजन

शाहपुरा ।पंचायत समिति शाहपुरा की तीन ग्राम पंचायतों डाबला चांदा, लसाडिया, बच्चखेड़ा में शुक्रवार विमुक्त,घुमंतू,अर्ध घुमंतू परिवारों की सहायता हेतु शिविर काआयोजन हुआ। शिविर में आधार , राशनकार्ड ,जनाधार , घुमंतू पहचान पत्र मूल निवास आदि के आवेदन लिए गए । शिविर में ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी, कर्मचारी,सरपंच जगदीश कंवर एवं घुमंतू जन अधिकार समिति चित्तौड़ प्रांत के संयोजक कालूलाल बंजारा, सूर्य प्रकाश शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी, मिश्रीलाल कोली सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति शाहपुरा मौजूद रहे ।

बिजली निगमों के निजीकरण को लेकर प्रदर्शन

अजमेर, (कासं)। विद्युत विभाग के उत्पादन प्रसारण एवं वितरण निगमों सहित अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे निजीकरण के खिलाफ शुक्रवार को राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर अजमेर में भी कर्मचारियों ने शुक्रवार को कार्य बहिष्कार कर अधीक्षण अभियंता व वृत कार्यालय पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री व ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंप विद्युत क्षेत्र में निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की। साथ उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन जारी रहेगा।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के कर्मचारी नेता विनित जैन ने बताया कि संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा निजीकरण को लेकर लगातार विरोध प्रकट किया जार हा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी अधीक्षण अभियंता व वृत्त कार्योलयों पर प्रदर्शन किया गया तथा ज्ञापन सौंप कर मांगे पूरी करने की मांग की गई है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि विद्युत

विद्युत विभाग के उत्पादन प्रसारण एवं वितरण निगमों सहित अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों ने कार्यालय पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रशासन द्वारा निजीकरण की नीतियों के तहत वर्तमान में कई महत्वपूर्ण कार्य आउटसोर्सिंग, एफटीसीएलआरसी एवं अन्य निजी भागीदारी के माध्यम से कराए जा रहे हैं। समिति ने 33/11 केवी फीडरों के संचालन के लिए एचएएम मॉडल के तहत निजी हाथों में सौंपने पर भी आपत्ति जताई है, जो कि ग्रिड सुरक्षा को कमजोर कर सकता है और सामरिक खतरे पैदा कर सकता है। जैन ने कहा कि प्रसारण निगम, जो वर्षों से लाभदायक रहा है, उसके ग्रिडों का संचालन ठेके पर देकर और इनविट के माध्यम से निजीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह मॉडल प्रसारण निगम की आर्थिक स्थिति को नुकसान पहुंचा सकता है और उसे हानि का निगम बना सकता है। ज्ञापन में विशेष रूप से 786 केवी और 400 केवी सब-स्टेशनों से प्राप्त होने वाली आय को निजी भागीदारी में देने पर भी विरोध दर्ज किया

- **राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन**

गया है।

निजीकरण पर तुरंत लगे रोक:- ज्ञापन में बताया गया है कि पांचों विद्युत निगमों में कार्यरत कर्मचारियों को लगभग एक वर्ष पूर्व ओपीएस योजना का फार्म भरवाकर सदस्य बना दिया गया है, परन्तु अभी तक राज्य सरकार के आदेशानुसार सीपीएफ कटौती बंद कर जीपीएफ कटौती शुरू नहीं की गई है। समिति ने इस मुद्दे पर भी तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संघर्ष समिति ने मांग की है कि विद्युत के क्षेत्र में सभी निगमों में निजीकरण की प्रक्रियाओं पर तुरंत रोक लगाई जाए और ग्रिड, सब-स्टेशनों एवं तापीय विद्युत उत्पादन गृहों का संचालन निगम कर्मचारियों के माध्यम से करवाया जाए।

पुष्कर जाट विश्राम स्थली में अजमेर डेयरी की आमसभा आज

अजमेर, (कासं)। अजमेर डेयरी की 33वीं वार्षिक आभसभा शनिवार को प्रात: 11 बजे जाट विश्रामस्थली पुष्कर अजमेर में आयोजित होगी। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया कि दोपहर एक बजे दुग्ध दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। अजमेर डेयरी की 33वीं वार्षिक आमसभा 30 नवम्बर को प्रात: 11 बजे आयोजित की जा रही है, आमसभा के पश्चात् दोपहर 1 बजे दुग्ध दिवस का आयोजन होगा। अजमेर डेयरी के आमसभाए खुले अधिवेशन एवं दुग्ध दिवस के कार्यक्रम में शनिवार को दोपहर एक बजे जाट विश्रामस्थली पुष्कर में आने की अपील की है।

जिला स्तरीय एसएमसी और एसडीएमसी की कार्यशाला संपन्न

अजमेर, 29 नवम्बर (कासं)। तोपदड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय एसएमसी स्कूल प्रबंधन समिति और एसडीएमसी विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ जय नारायण व्यास ने शिरकत की। मुख्य अतिथि जय नारायण व्यास ने कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला और एसडीएमसी और एसएमसी के माध्यम से इन योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों और विद्यालयों को समग्र विकास का लाभ पहुंचाना है। इस कार्यशाला में जिले के 10 विकास खंडों से 45 प्रधानाचार्य और प्रत्येक विद्यालय से एक प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मिशन प्रेरणा, मिशन शक्ति, स्वच्छ भारत मिशन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

आम सूचना

मेरे अभिभाष्यगण (1) श्रीमती पुष्पा पत्नि श्री उगमसिंह, आयु-50 वर्ष, (2) उगमसिंह पुत्र श्री मोहन सिंह आयु 60 वर्ष, निवासी-गढ़ी थोरियान, तहसील-ब्यावर, जिला-ब्यावर (राज0) की ओर से सभी आम व खास को सूचित किया जाता है व आगाह किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र श्री पिन्टू व पुत्रवधु श्रीमती विमला पत्नि श्री पिन्टू जो कि पिछले 6 माह से मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नही है, तथा मेरे अभिभाष्यगण के द्वारा इन्हें समझाने के बावजूद भी इनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आ रहा है। इस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने इन दोनों को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है, अब इन दोनों से जो भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार करेगा तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अत: सूचित रहे।

(सुलक्षणा शर्मा) एडवोकेट, ब्यावर ।

NAME CHANGE

I, VANITA Mother of 15800291Y Rank L/NK, Name: BHOIR VIKRAM GURUNATH Residing at Vill:-PARIWALI, Post:-ANGAON, Tehsil:- BHIWANDI, Distt-THANE, State:-MAHARASHTRA, Pin:- 421302 have changed my name from VANITA to VANITA GURUNATH BHOIR vide affidavit BW 943059 Dated 29/11/2024 before Court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, DEEPA CHAND, is Spouse of Army No. JC 344306F Rank :NB/SUB, Name: KIRAN CHAND, Residing At Vill. SALMORA Post JAJAR DEWAL, Teh: PITHORAGARH Dist-PITHORAGARH, State U.K. Pin- 262501 have change my DOB from 28/05/1982 to 02/05/1983 vide Affidavit No. BW 943056 Dated 29/11/2024 before Court campas Nasirabad

NAME CHANGE

I, No 15621127A Hav (Driver) Lachhu Ram Choyal Resident of Village and Post -Kurada ,Tahsil - Parbatsar. District-Didwana- Kuchaman State - RAJ. Pin -341503 have changed my Mother name and Dob from CHHOTI DEVI to CHOTUDI and date of birth 19/7/1969to 01/01/1963 Vide affidavit NO 2035 dated 13/11/ 2024 before Notary Public Degana (Nagaur) Raj.

भर्ती कैम्प में 29 युवाओं का हुआ चयन

अजमेर, (कासं)। रोजगार कार्यालय एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी भर्ती कैंप का अयोजन आज 29 नवम्बर को पंचायत समिति भिनाय में किया गया है जिसमें 92 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। नीमच से आये वरिष्ठ भर्ती आधिकारी श्री महीपाल सिह सिनसिनवार ने फिजिकल मापदंड के आधार पर 29 का चयन किया। जिले की पंचायत समिति स्तर पर हो रहा है चयन परीक्षा का अयोजन आगामी 02 दिसम्बर को पंचायत समिति अरांई, 03 व 05 दिसम्बर को पंचायत समिति श्रीनगर, 04 व 06 दिसम्बर को पंचायत समिति सिलोरा किशनगढ में भर्ती केम्प आयोजित होंगे। भर्ती केम्प का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए 10वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवा की उम्र 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी की ऊँचाई 168 से 170 सेमी एवं वजन 55 से 90 किलोग्राम होना आवश्यक है।

किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

अजमेर, (कासं)।किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर 30 नवंबर शनिवार रात को ऐतिहासिक पल का गवाह बनने जा रहा है, जब चंडीगढ़ से जयपुर होते हुए अजमेर की ओर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पहली बार यहां रुकेगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी इस मौके पर रेलवे अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का स्वागत करेंगे, साथ ही ट्रेन के ठहराव के दौरान स्टाफ का मुंह मीठा करवाने के बाद वापस हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह ट्रेन अजमेर से चंडीगढ़ की ओर चलने पर सुबह 6.30 बजे और चंडीगढ़ से अजमेर आते समय रात को 11 बजे किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज होगा।

यह ठहराव केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के प्रयासों और अनुशंसा पर रेलवे बोर्ड द्वारा हाल ही में स्वीकृत किया गया था, जोकि किशनगढ़ क्षेत्र के उद्यमियों, सामाजिक

- **केंद्रीय मंत्री चौधरी के नेतृत्व में होगा स्वागत, ठहराव के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे केंद्रीय मंत्री चौधरी**

कार्यकर्ताओं, पर्यटकों और आमजन की लंबे समय से चली आ रही मांगों का परिणाम है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के लगभग रात 11 बजे किशनगढ़ पहुंचने की संभावना है। इस ऐतिहासिक पल पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को अगले गंतव्य की ओर रवाना करेंगे।

स्थानीय विकास को मिलेगी नई दिशा : केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस का किशनगढ़ में ठहराव इस क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

विद्यार्थियों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

शाहपुरा । राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत परियोजना कार्यो की जानकारी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रेगर बस्ती तहनाल गेट शाहपुरा कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने उपस्थित विधार्थियो को बताया की हाथ धोने की सेवन स्टेप के बारे में जानकारी दी बच्चों को बताया कि खाना खाने से पहले खाना खाने के बाद शौचालय में सोच के बाद साबुन से हाथ धोने की सेवेन स्टेप के बारे में जानकारी दी विद्यालय जागरुकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया कि आपके घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल को टैंकों में भरकर जहाजपुर रोड धरती देवरा के पास में बन रहे एफएस टीपी में ले जाया जाएगा,वहां इसको ट्रीट कर खाद बनाया जाएगा और वानिकी, पेड़ो में उपयोग लिया जाएगा।

राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख की तैयारियों पर चर्चा

अजमेर,(कासं)। आगामी 4 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख की तैयारी को लेकर शुक्रवार को सेंट्रल स्कूल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले भर के चयनित 112 जिलों के संस्था प्रधानों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जय नारायण व्यास ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जानकारी दी कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण का उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक क्षमता का मूल्यांकन करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। बैठक के दौरान उपस्थित संस्था प्रधानों और अधिकारियों को सर्वेक्षण प्रक्रिया, प्रश्न पत्रों की संरचना और मूल्यांकन मानदंडों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सर्वेक्षण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश और सुझाव दिए गए। व्यास ने संस्था प्रधानों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण के दिन आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

सर्प शिक्षा अभियान सर्पदंश मृत्यु विहीन भारत के बैनर का विमोचन

बिजययनगर, (निसं)। सर्प शिक्षा अभियान सर्पदंश मृत्यु विहीन भारत बैनर का शुक्रवार को विमोचन किया गया।भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठरी ने महादेव को संवर्धन नस्ल सुधार केंद्र नरसिंह द्वारा परिसर मे भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने पोस्टर विमोचन करते हुए नन्दी शाला मे महादेव व गणेश नंदी को गुड़ खिलाया।

इस अवसर पर बाडी माता तीर्थ धाम मुख्य ट्रस्टी कृष्णा टॉक राज नय्यर,विवेक निमावत, देवेंद्र कुमावत भा.ज.पा. मंडल अध्यक्ष अनिल बोहरा, महावीर ,गोविन्द सोनी,मनीष शर्मा, गोविन्द त्रिपाठी, कजोड़ माली, हिमांशु कटारा, धर्मी चंद व्यास सांवरलाल जांगिड़ सुरेश रामचंदानी (बंटी सिंधी) सहित नागरिक उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के संयोजकसुरेंद्र सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि तेज बारिश के दौरान शहरी क्षेत्र में काफी संख्या में सांपों की प्रजातियां रिहायशी इमारतों व सरकारी

सर्प शिक्षा अभियानके पोस्टर का विमोचन करते।

व गैर सरकारी बिल्डिंगो में सर्पों के आ जाने से आमजन को सर्प दंश का भय बना रहता था। शहर की जनसंख्या लगभग पचास हजार है लेकिन इस सत्र में बिजयनगर में एक भी सर्प दंश की घटना नहीं हुई ना ही किसी ने सर्प को मारा, सर्प शिक्षा के माध्यम से आमजन को सर्पो की प्रजातियां व उनसे होने वाले नुकसानों व फायदों के बारे में प्रत्येक वार्डो मे नागरिकों को, विद्यालयों के माध्यम से छात्र-छात्राओंएवं आमजन में जागृति आई व सर्प जीव व मानव प्राणी दोनों के जीवन को सुरक्षित महसूस करने लगे पर्यावरण संरक्षण के सर्प जीवों के लिए सर्प शिक्षा का मार्गदर्शन संजीवनी साबित हुई है।

मोहन लाल मंडेला की स्मृति में देश के प्रतिष्ठित कविगण लेंगे भाग

शाहपुरा । साहित्यिक संस्था साहित्य सृजन कला संगम के तत्वावधान में 30 नवम्बर 2024, शनिवार को श्रीराम टाकीज के हॉल में आमंत्रित श्रोताओं के बीच रात्रि 7.30 बजे से आयोजित 27वें लोक कवि मोहन मण्डेला स्मृति अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में शाहपुरा बनेड़ा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक लालाराम बैरवा मुख्य अतिथि होंगे।

खास मेहमान भीलवाड़ा जिले के सांसद दामोदर प्रसाद अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति रघुनंदन स्वर्णकार करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सिंह शेखावत जिला कलेक्टर, सुनील पूनिया अतिरिक्त जिला कलेक्टर, राजेश आर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनिल चौधरी-जनरल सेक्रेटरी वॉलीबॉल फैडरेशन आफ इण्डिया, रामकिशोर-आयुक्त नगर परिषद् शाहपुरा होंगे। संस्था सचिव एवं आयोजन के सूत्रधार

- **लालाराम बैरवा होंगे मुख्य अतिथि एवं सांसद दामोदर अग्रवाल होंगे खास मेहमान**

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. कैलाश मण्डेला ने जानकारी दी है कि इस वर्ष का प्रतिष्ठित लोककवि मोहन मण्डेला स्मृति सम्मान-2024 बारां के राजस्थानी भाषा के ख्याति प्राप्त कवि एवं गीतकार बाबू बंजारा को दिया जाएगा। कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवियों में रमेश शर्मा- चित्तौड़गढ (अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीतकार) राव अजातशत्रु-उदयपुर (अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं मंच संचालक)पं सुनिल व्यास-मुम्बई (हास्य व्यंग्य के अंतरराष्ट्रीय लाफ्टर फेम कवि) लोकेश महाकाली- नाथद्वारा (हास्य एवं श्रृंगार के विलक्षण कवि)सपना सोनी-दौसा (श्रृंगार रस की मधुर कवयित्रि) सम्पत कबीर-राजनगर(बेहतरीन युवा शायर) दिनेश बंटी- शाहपुरा (राजस्थानी हास्य कवि) एवं अन्य कविगण भाग लेंगे। इस बार कवि सम्मेलन त्रिमूर्ति के पास श्री राम टाकीज के हाल में शाम 7.30 बजे से होगा। स्थान सीमित होने से संस्था अध्यक्ष जयदेव जोशी ने सभी रुचिशील श्रोताओं से सही समय पर पहुंच कर स्थान ग्रहण करने की अपील की है जिससे कार्यक्रम का पूरा आनंद लिया जा सके। कार्यक्रम में प्रवेश फ्री पास से होगा ,इसके लिए आमंत्रित श्रोताओं को सूचित किया गया है। सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष होने वाले इस ख्याति प्राप्त कवि सम्मेलन में जिले एवं जिले से बाहर से भी अनेक श्रोतागण भाग लेते हैं।

80 एम.एल.डी. पानी की कमी

अजमेर, (कासं)। बीसलपुर पेयजल परियोजना के तहत शनिवार सुबह 4 बजे से 24 घंटे का शटडाउन प्रस्तावित है। इस दौरान पहले और दूसरे फेज की लाइन में मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। जिसके चलते 1 दिसंबर की सुबह तक पानी की सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता विनोद यादव के अनुसार बीसलपुर अजमेर परियोजना के फेज प्रथम में थड़ोली से नसीराबाद तक डाली गई 1500-1200 एमएम पीएससीसी पाइप लाइन की मरम्मत की जाएगी। इस मरम्मत कार्य के दौरान थड़ोली से केकड़ी तक 4 लीकेज, केकड़ी से गोयला तक 2 लीकेज और गोयला से नसीराबाद तक 8 लीकेजों को ठीक किया जाएगा। इसके अलावा परियोजना के विभिन्न पंप हाउस और स्विच यार्ड पर भी मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा।शटडाउन के कारण लगभग 80 एमएलडी पानी की उपलब्धता कम रहेगी। इसके परिणामस्वरूप अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, किशनगढ़, केकड़ी और सरवाड़ के शहरी क्षेत्रों में शनिवार शाम से 1 दिसंबर की सुबह तक पानी की सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/4088 **आम सूचना** दिनांक : 14.11.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
117	बाबूलाल पुत्र प्रताप डडवानिया	सुन्दरविलास बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 871 भू.सं. 18	111.48 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

प्ररूप-10 नियम-6(7) देखिये

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय-नगर परिषद केकडी-राजस्थान

क्रमांक/न.पा.के/कृ.भू.रू/2024-25/3228 **लोक सूचना** दिनांक : 29.11.2024

श्री अरिहंत कुमार